इंदौर | मंगलवार | 16 दिसंबर, 2025 | वर्ष 65 | अंक 312 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


5 संसद में मोदी के अपमान की गूंज


6 अंतरिक्ष स्टेशनों की स्थापना की होड़ क्यों?


7 अरबपतियों की रैंकिंग में उलटफेर


8 ऋषभ पंत का आईपीएल रिकॉर्ड टूटेगा क्या?

# नितिन नबीन की ताजपोशी

## गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुर्सी पर बैठाया

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर. भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में पदभार संभाला. इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया. उन पर फूल बरसाए गए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए.**



भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने बिहार के मंत्री नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभालने पर कहा, नितिन नवीन को अभिनंदन. वे एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं. वे 5 बार विधायक रह चुके हैं... आज उन्होंने अपने काम से जो जगह बनाई है, उसी कारण पार्टी ने कार्यकर्ता को सम्मान दिया है और यह केवल भाजपा में हो सकता है.

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कहा, ...उन्हें संगठन का भी अनुभव है, सरकार का भी अनुभव है और वे बहुत सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं, लेकिन वे परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले हैं. बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है. नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले सबसे युवा नेता हैं. साथ ही, वह देश की मुख्य राजनीतिक पार्टियों में से भी सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष बन गए हैं. नितिन नबीन की आयु 45 साल है और वह पांच बार विधायक रह चुके हैं. बिहार सरकार में वह कई बार मंत्री रह चुके हैं.

### संजय सरावगी बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



पटना. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री संजय सरावगी को बिहार में पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने तत्काल प्रभाव से संजय सरावगी को बिहार में भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है. 28 अगस्त, 1969 को जन्मे वर्ष संजय सरावगी 2005 से दरभंगा सदर विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार विधायक चुने जा चुके हैं.

### गोयल तमिलनाडु और पांडा असम के प्रभारी



नई दिल्ली. भाजपा ने तमिलनाडु और असम में विधानसभा के आगामी चुनावों के लिए क्रमशः सर्वश्री पीयूष गोयल और बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है. तमिलनाडु में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल की मदद के लिए कानून एवं न्याय तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को सह-चुनाव प्रभारी बनाया गया है.

# पैसे वालों के लिए भगवान के आराम में दखल क्यों

- बांके बिहारी मंदिर की सुनवाई में सुको का सवाल
- प्रभावशाली लोग बड़ी रकम देकर करते हैं पूजा



**नई दिल्ली, 15 दिसंबर. सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों को 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर कड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा- इससे भगवान के आराम के समय में भी बाधा पहुंचती है. यह टिप्पणी मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई.**

दरअसल, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने बढ़ा दिया है. 12 सितंबर को हुई मीटिंग में प्रतिदिन 2:30 घंटे समय बढ़ाने का निर्णय लिया था. इसके खिलाफ मंदिर के गोस्वामियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई. चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल उठाते हुए कहा कि भगवान के आराम के वक्त में उन्हें आराम कहां करने दिया जाता है. जब 12 बजे मंदिर बंद कर दिया जाता है. इसी समय प्रभावशाली लोग जो बड़ी रकम देकर पूजा कर पाते है. उन्हें पूजा करने की इजाजत होती है!

### सुको ने नोटिस जारी किया

मंदिर की पुरानी मैनेजमेंट कमेटी की ओर से दायर याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने मनमाने तरीके से सेवादारों की नियुक्ति की है. कोर्ट ने याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त कमेटी, यूपी सरकार, मथुरा वृंदावन डेवलपमेंट ऑथोरिटी को नोटिस जारी किया है. जनवरी के पहले हफ्ते में कोर्ट आगे सुनवाई करेगा.

### राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार रामविलास वेदांती का निधन

**अयोध्या, 15 दिसंबर.** राम मंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का सोमवार को निधन हो गया. उन्होंने मध्यप्रदेश के रीवा में दोपहर 12.20 बजे अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से अयोध्या, संत समाज और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है. डॉ. वेदांती के निधन पर सीएम योगी ने दु:ख जताया है. उन्होंने एक्स पर लिखा- श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है.जानकारी के मुताबिक, डॉ. रामविलास दास वेदांती 10 दिसंबर को दिल्ली से मध्य प्रदेश के रीवा पहुंचे थे, जहां उनकी रामकथा चल रही थी. इसी दौरान बुधवार को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई. उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया.

# 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल

## पहलगाम आतंकी हमले की रिपोर्ट में सजाद जट्ट का भी नाम

**10** लाख का इनाम एनआईए ने किया घोषित

**237** दिन बाद एनआईए ने की पेश



**जम्मू, 15 दिसंबर. नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले पर 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की. जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में हमले के 237 दिन बाद ये चार्जशीट दाखिल की गई.**

इसमें आतंकी कमांडर सजाद जट्ट का भी नाम है. वो पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेशंस चीफ है. एनआईए ने उस पर 10 लाख का इनाम घोषित किया है. सूत्रों के मुताबिक सजाद को ही पहलगाम हमले का मास्टर माइंड माना जा रहा है. उसी ने पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी अन्य 2 आतंकियों को सौंपी थी. 28 जुलाई श्रीनगर के हरवान जंगल में सुरक्षा बलों ने 'ऑपरेशन महादेव' चलाया था. इसमें पहलगाम हमले के दोनों आतंकी सुलेमान शाह और हमजा अफगानी मारे गए थे. दरअसल, 22 जुलाई को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी. 16 लोग घायल हुए थे. लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था.

# ऑस्ट्रेलिया में आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या हुई 15

- बंदूक से जुड़े कानून सख्त करेगी सरकार
- कानून पारित करने फिर बुलाई जा सकती है संसद

**सिडनी, 15 दिसंबर. ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या 15 हो गयी है. इस हमले के बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार बंदूक खरीदने और लाइसेंस हासिल करने से जुड़े कानून ज्यादा सख्त करेगी.**

स्थानीय समाचारपत्र सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में प्रकाशित खबर के अनुसार, पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद हुए राष्ट्रीय बंदूक समझौते पर फिर से बातचीत होगी और कानून पारित करने के लिये क्रिसमस से पहले एनएसडब्ल्यू संसद को फिर से बुलाया जा सकता है. बंदूक से जुड़े कानूनों को मजबूत करने के लिये विकल्प विकसित करने पर सहमति जताई है. इन बड़े सुधारों में एक व्यक्ति के पास रखी जा सकने वाली बंदूकों की अधिकतम संख्या को सीमित करना, कानूनी मानी जाने वाली बंदूकों के प्रकारों को सीमित करना और बंदूक लाइसेंस रखने के लिये ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता को एक शर्त बनाना शामिल है.

# हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के मामले में विधायक संजय पाठक को नोटिस

**जबलपुर, 15 दिसंबर.** मप्र हाईकोर्ट ने विगत 31 अक्टूबर को अब्दुल रज्जाक के आरोप पर कटनी विधायक संजय पाठक को नोटिस जारी किया था. मामले पर सोमवार को सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि विधायक को नोटिस तामील हो गया है. विधायक की ओर से जवाब पेश करने मोहलत मांगी गई. खंडपीठ ने दो सप्ताह की मोहलत देते हुए मामले पर अगली सुनवाई पांच जनवरी को नियत की है. पिछली सुनवाई के दौरान अब्दुल रज्जाक की ओर से खुलकर विधायक संजय पाठक पर आरोप लगाए गए थे.

## एक नजर में



### गोयल ने सीआईसी के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राजकुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में पद की शपथ दिलाई। सूचना आयोग में गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी थी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सदस्य थे। गोयल को सार्वजनिक सेवा में 30 से ज्यादा सालों का अनुभव है और उन्होंने न्याय और आंतरिक सुरक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। वह 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और एजीएमयूटी कैडर (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) से हैं।

### थोक मुद्रा स्फीति की दर दूसरे महीने शून्य से नीचे

नयी दिल्ली. खाने-पीने की चीजों और ईंधन एवं बिजली वर्ग की वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर नवंबर में शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे दर्ज की गयी. देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)में नयी पीढ़ी के सुधारों के बाद यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है. इससे पहले अक्टूबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.21 प्रतिशत कम थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवंबर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.60 प्रतिशत कम रही है जो अक्टूबर में शून्य से 5.04 प्रतिशत नीचे रही है.

## गुस्ताखी माफ




## 37 साल बाद यात्रा | जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने किया वेलकम, तीन देशों की यात्रा पर हैं प्रधानमंत्री

# जॉर्डन में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

**ओमान, 15 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को ओमान पहुंचे. जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया. इसके बाद भारतीय समुदाय के सदस्यों ने पीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया. भारतीय झंडे लिए और मोदी-मोदी के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए. होटल में पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया. पीएम ने होटल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा.**



पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि भारतीय समुदाय द्वारा दिए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हुआ. उनका स्नेह, भारत की प्रगति पर गर्व और मजबूत सांस्कृतिक बंधन भारत और उसके प्रवासी भारतीयों के बीच स्थायी जुड़ाव को दर्शाते हैं. भारत-जॉर्डन संबंधों को मज़बूत बनाने में प्रवासी समुदाय जो भूमिका निभा रहा है, उसके लिए भी हम आभारी हैं.

पीएम मोदी की सोमवार से शुरू होने वाली तीन देशों (जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान) की राजकीय यात्रा का, जॉर्डन, पहला पड़ाव है. जॉर्डन की यह पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा 37 साल के अंतराल के बाद हो रही है. प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के साथ-साथ हो रही है.

